**Date: 5-Oct-2022**

# प्रेस विज्ञप्ति

**रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के सदस्यों की 22वीं वार्षिक आम सभा (AGM) का आयोजन शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022 को किया गया।**
**श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए प्रदत्त शेयर पूंजी(paid-up share capital )के 6.5% की दर (0.65/- रु. प्रति शेयर) पर अंतिम लाभांश की घोषणा की।**

**अपने संबोधन में अध्यक्ष महोदय ने वित्तीय वर्ष 2021- 22 के दौरान कंपनी के कार्यनिष्पादन तथा कंपनी की भावी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।**

**मैं एक बार पुनः अपने हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि सामान्यत: पूरे देश के समक्ष और विशेषकर अर्थव्यवस्था के मामले में सामने आ रही चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने चालू वित्तीय वर्ष में नई उपलब्धियां हासिल की हैं और आगामी वर्षों में भी कंपनी इस संबंध में अपने प्रयास जारी रखेगी - श्री संजीव कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रेलटेल।**

************

रेल मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मिनी रत्न रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 22वीं वार्षिक आम सभा (AGM) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/ अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों से 30 सितंबर, 2022 को आयोजन किया गया। श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने बैठक की अध्यक्षता की। श्री आनंद सिंह निदेशक (वित्त), रेलटेल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई। सदस्यों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से बैठक में सहभागिता की।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए प्रदत्त शेयर पूंजी (paid-up share capital )के 6.5% की दर (0.65/- रु. प्रति शेयर) पर अंतिम लाभांश की घोषणा की।

वैश्विक स्तर पर महामारी के बावजूद कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में अब तक की सर्वश्रेष्ठ राजस्व वृद्धि दर्ज करते हुए 1628 करोड़ रु. का राजस्व हासिल किया जो पिछले वित्तीय वर्ष 1411 करोड़ रु. की तुलना में 15% की वृद्धि दर्ज की है। हमने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कर-पूर्व 281 करोड़ रु. का लाभ अर्जित किया जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 43% की उत्कृष्ट वृद्धि थी।

वित्तीय वर्ष में कर-उपरांत लाभ 47% की वृद्धि के साथ 209 करोड़ रु. रहा। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हमारी प्रति शेयर आय पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 4.44 रु. प्रति शेयर से बढ़कर 6.51 रु. प्रति शेयर रही।

अपने संबोधन में अध्यक्ष महोदय ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी के कार्यनिष्पादन तथा कंपनी की भावी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

अपने संबोधन में श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने कहा कि "मुझे प्रसन्नता है कि कमजोर मार्केट और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद रेलटेल वृद्धि कर रहा है और निरंतर लाभ अर्जित कर रहा है तथा नियमित तौर पर लाभांश का भुगतान करता आ रहा है।"

बाजार पूंजी के संदर्भ में रेलटेल अब 3000 करोड़ रु. वाली कंपनी बन चुकी है, जिसका टर्नओवर 1600 करोड़ रु. से भी अधिक है तथा रेलवे ट्रैक के साथ-साथ इसका उच्च क्षमता वाला ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क 61000 से भी अधिक रूट किलोमीटर तक फैल चुका है।

चालू वित्तीय वर्ष में नेटवर्क अपग्रेडेशन के लिए हमारी योजना 205 करोड़ रु. की बड़ी धनराशि के निवेश की है ताकि हम अपने महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को और सुदृढ़ बना सकें।

भारतीय रेल के डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन के लिए रेलटेल एक अभिन्न भागीदार है। रेलटेल ने एनआईसी ई-ऑफिस (एक डिजिटल वर्कप्लेस सॉल्यूशन) का क्रियान्वयन किया है, बैठकों और अन्य गतिविधियों के लिए एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था की है, भारतीय रेल के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाइयों के लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) का क्रियान्वयन एवं इसे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ जोड़ने का कार्य किया है। हम वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वीएसएस), टनल कम्युनिकेशन प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के कार्य कर रहे हैं, मैनुअल सिगनलिंग

सिस्टम को उत्तर रेलवे के 26 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के द्वारा बदल रहे हैं और ट्रेन कंट्रोल सिस्टम को एलटीई/ 4जी कम्युनिकेशन बेकबोन के द्वारा बदल रहे हैं।

हमने 400 रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई सेवाओं की एक्सेस के लिए प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI) स्कीम की पहले ही शुरुआत कर दी है। इस सुविधा का जल्द ही चरणबद्ध तरीके से सभी 6102 वाई-फाई इनेबल्ड रेलवे स्टेशनों पर विस्तार किया जाएगा।

हमारे रिटेल ब्रॉडबैंड सर्विस रेलवायर के ग्राहकों की संख्या 4.72 लाख तक पहुंच चुकी है और मार्च, 2023 के अंत तक हमारा लक्ष्य ग्राहकों की संख्या बढ़ाकर 06 लाख करना है। हाल ही में हमने ओटीटी बंडल्ड प्लानों की शुरुआत की है, जिनसे अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने और आगामी वर्षों में रेलवायर के बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हमने रक्षा और कोयला क्षेत्रों में पहले ही विभिन्न परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया हुआ है और हम शिक्षा, बैंकिंग, बीमा, ऊर्जा, हेल्थ सेक्टर आदि में भी काम करने जा रहे हैं।

वर्तमान में हमें 5800 करोड़ रु. के कार्य-आदेश मिले हुए हैं। हमारा ध्यान और अधिक बिजनेस प्राप्त करने पर केंद्रित है और जैसे-जैसे कोविड-19 की स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है और जैसे -जैसे सेमीकंडक्टर चिप की कमी दूर हो रही है, वित्तीय वर्ष 2023 के लिए सतत वृद्धि द्वारा शीर्ष पर पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया है।

हम कंपनी में कॉर्पोरेट गवर्नेंस, महत्वपूर्ण मूल्यों, श्रेष्ठ कार्यप्रक्रियाओं, पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा के बेहतर मानकों को बनाए रखने के प्रति बहुत सचेत हैं। रेलटेल की कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी संबंधी गतिविधियों के मर्म में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं एवं बच्चों के आर्थिक सशक्तिकरण का सदैव ध्यान रखा जाता है।

मैं अपने सम्माननीय हितधारकों, अपने निदेशक मंडल के साथियों, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय, अन्य सरकारी विभागों और सभी विनियामकों को उनके अमूल्य समर्थन, परामर्श और समन्वय प्रदान करने के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

मैं एक बार पुनः अपने हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि सामान्यतः पूरे देश और विशेषकर अर्थव्यवस्था के मामले में सामने आ रही चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने चालू वित्तीय वर्ष में नई उपलब्धियां हासिल की हैं और आगामी वर्षों में भी कंपनी इस संबंध में अपने प्रयास जारी रखेगी।

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचे और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000+ आरकेएम के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो MeitY पैनल वाले टियर III डेटा केंद्र भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में पर समाज को  ज्ञनार्जित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और रेलटेल को दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहा है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक साथ प्रदान करता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान करके रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम कर रहा है और रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ 6100+ स्टेशन लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:

sucharita@railtelindia.com